हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 26 जनवरी 2024

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 गणतंत्र दिवस आज, मुख्य समारोह में कृषि मंत्री कंषाना करेंगे ध्वजारोहण



## खबर संक्षेप

### दावा, आपत्तियों के निराकरण के लिए समिति की बैठक 29 को

**सागर।** आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिकाओं एवं उपकार्यकर्ताओं की नियुक्ति हेतु प्राप्त दावा/आपत्तियों के निराकरण के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.सी. शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दावा/आपत्ति निराकरण समिति की बैठक 29 जनवरी को दोपहर महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा।

### जिला शहर कांग्रेस कमेटी विभिन्न स्थानों पर करेगी झंडा वंदन

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 7:30 पर जय स्तंभ कटरा बाजार, प्रातः 8 बजे गौर मूर्ति कांग्रेस कार्यालय के सामने, प्रातः 8:30 बजे श्रीराम चौक बड़ा बाजार,9 झंडा चौक काकागंज मै ध्वजारोहन किया जाएगा प्रातः 9:30 बजे अमर शहीद साबुलाल जैन की समाधि मोती नगर एवं प्रातः 10 बजे शहीद मधुकर साहब बुंदेला की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने समस्त कांग्रेस जनों से उक्त कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### अतिक्रमण हटाने के लिए की जा रही है कार्रवाई

**सागर।** ग्राम बेलढाना प.ह.न. 20 में श्मशान एवं चरोखर की भूमि पर पंचू पिता भगवानदास जाति गौंड के द्वारा अतिक्रमण किया गया। इसके संबंध में हल्का पटवारी निलेश आठिया के द्वारा 19 जनवरी 24 को अतिक्रमण हटाने हेतु प्रतिवेदन दिया गया एवं अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई। मौके पर नायब तहसीलदार देवरी द्वारा जांच करने पर पाया गया कि पंचू के द्वारा अतिक्रमण करने के क्रम में ईट, बांस बल्ली एवं बरसाती रखी गई थी। पक्का निर्माण नहीं किया गया था। इसे स्वयं अतिक्रमण कर्ता द्वारा हटाया गया। पटवारी के द्वारा कोई भी पक्का निर्माण नहीं हटाया गया। अतिक्रमक पंचू स्वयं खसरा नंबर 540/1 अवैध रूप से मकान निर्माण कर निवास कर रहा है। अतिक्रमक पर अतिक्रमण की कार्यवाही की जा रही है समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार पूर्णता निराधार है।

### प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में 60 वर्ष बाद मिलेगी पेंशन

**सागर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है। इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के समय श्रमिक को आधार कार्ड एवं बैंक खाता नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा। प्रीमियम की प्रथम किश्त श्रमिक के आयु वर्ग के अनुसार 55 से 200 रूपये कॉमन सर्विस सेंटर में नगद जमा की जाएगी।

## नमो मतदाता सम्मेलन में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

# देश निर्माण में नवमतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा नमो मतदाता सम्मेलन का आयोजन शासकीय आईटीआई कॉलेज सागर में किया गया जिसमें खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुए जहां वर्चुअल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नव मतदाताओं को संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने युवाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम देखा। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में नवभारत की नई ताकत के रूप में पहचान हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कराई है। युवाओं के आइकॉन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। राजपूत ने कहा कि जब-जब युवा पीढ़ी सामने आई है तब तब बड़े परिवर्तन हुए हैं। युवाओं को देश के नवनिर्माण और विकास में अपना योगदान देना है जिसका सबसे अच्छा और सशक्त माध्यम उनका मतदान करना है। मतदान के माध्यम से वह विकसित भारत में अपना अतुलनीय योगदान दे सकते हैं। राजपूत ने कहा कि हम सब देश को और विकसित बनाएंगे इसके लिए हमें भाजपा सरकार को मजबूत करके उसके साथ देश को विकास की बुलंदियों पर ले जाना है। राजपूत ने युवाओं से अपने संबोधन में कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है जिसने बिना भेदभाव सभी वर्गों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचाया है। भाजपा में परिवारवाद नहीं है यहां सिर्फ विकास की राजनीति की जाती है। उन्होंने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि भाजपा को मजबूत करके अपने सपनों को नई उड़ान दें मतदान अवश्य करें ताकि विकसित भारत में आपका योगदान शामिल हो। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सीरोठिया ने सभी नवमतदाताओं से अपील की है कि नमो ऐप से जुड़े और मतदान करें। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल, राहुल वैध, लोकसभा विस्तारक आशुतोष शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, जिला भाजपा महामंत्री देवेंद्र पप्पू फुसकेले, अंकु चौरसिया, लखन ठाकुर, सक्षम जैन सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता तथा नवमतदाता युवा उपस्थित रहे जिन्होंने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।





### गणतंत्र दिवस के पूर्व की गई फुल ड्रेस अंतिम रिहर्सल

**सागर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के पूर्व समस्त व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर ली गईं हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति 25 जनवरी को सुबह गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस अंतिम रिहर्सल की गई। अंतिम रिहर्सल में कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने स्थानीय पीटीसी मैदान पर परेड की सलामी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी हरिशंकर जयसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। रिहर्सल के दौरान पुलिस बैंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई एवं स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान पुलिस विभाग, होमगार्ड के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### बच्चों के सुरक्षित जीवन और स्वभाविक विकास के लिए अभिभावकों की काउंसलिंग व प्रशिक्षण जरूरी : प्रो.सिंह

**सागर।** आज की भागम-भाग जिंदगी के इस दौर में बच्चों को विकास के पर्याप्त अवसर मिल सकें, इस हेतु उनके अभिभावकों को ज्यादा सचेत और सकारात्मक होने की आवश्यकता है। सिमटते परिवार और बढ़ती जरूरतों के साथ आज कल अभिभावक बच्चों की भौतिक जरूरतें तो पूरी कर देते हैं, पर उनको पर्याप्त समय नहीं दे पाते। उनकी भावनाओं को समझने और सहलाने का अभाव होने से बच्चों के जीवन में अनेक तरह की विसंगतियां पैदा हो जाती हैं। इनसे बचाने के लिये अभिभावकों को काउंसिलिंग जरूरी हो जाती है, ये विचार दिए प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने एक कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान देते हुए। बाल संरक्षण केंद्र जयपुर राजस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में बाल एवं किशोर परामर्श विषय पर केंद्रित कार्यशाला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता की। सभी ने अपनी जिज्ञासाएं रखी जिनका समाधान विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने किया। संयुक्त परिवारों का टूटना और भौतिक मूल्यों का भारी पड़ना बच्चों को स्वाभाविक विकास में बाधक बन रहे हैं। उनमें सुरक्षा औऱ सामंज्य की भावना कमजोर हो रही हैं।

## मंत्री गोविंद सिंह राजपूत होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत होंगे। मंत्री राजपूत समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। उक्त कार्यक्रम पीटीसी ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस समारोह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे, राष्ट्रगान, सलामी, परेड निरीक्षण, मध्यप्रदेश गान, 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, 9.35 बजे हर्ष फायर, मार्च पास्ट, 9.50 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.20 बजे झांकियों का प्रदर्शन, 10.35 बजे मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषक/प्रशस्ति पत्र का वितरण और 10.55 बजे आभार प्रदर्शन होगा।

## तीन दिवसीय कथक कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कथक कार्यशाला का समापन सिटी स्टेडियम में हुआ। इडीयू लाइफ और शाम्भवी क्रिएटिव फाउंडेशन के इस संयुक्त आयोजन के द्वितीय दिन की मुख्य अतिथि ग्रेटमेन पब्लिक स्कूल की संस्थापक निदेशक पारुल साहू थीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में बालिकाओं को पढ़ाई के साथ साथ अन्य विधाओं के लिये भी प्रोत्साहित किया। वे स्वयं एक पर्वतारोही भी रही हैं। एडवोकेट दीपा तिवारी ने बालिका अधिकार पर अपने विचार रखे। तृतीय दिवस समापन सत्र की मुख्य अतिथि प्रतिभा अनिल तिवारी थीं। करीब 50 बालिकाओं ने सीखे हुए वंदे मातरम गीत पर प्रस्तुति दी। प्रतिभा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर अपने उद्बोधन में योग, कथक और स्वास्थ्य तीनों का सटीक सम्बंध बताया।

इस अवसर पर श्यामलम संस्था अध्यक्ष उमाकान्त मिश्र, लेखिका संघ की सुनीला सराफ और डॉ चंचला दवे, पी.आर.एस. वेलफेयर सोसायटी के प्रदीप पांडे और कवि प्रभात कटारे एवं एडवोकेट दीपा तिवारी सभी ने कार्यशाला निर्देशिका डॉ शाम्भवी शुक्ला मिश्रा का स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल से अभिनंदन किया। प्रदीप पांडे का मंच संचालन कार्यक्रम की अनुकूलता में रहा। डॉ शाम्भवी ने सिटी स्टेडियम के अधिकारियों एवं सभी का आभार प्रदर्शित कर आयोजन का समापन किया।

## शहीद राजेश यादव के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से प्रदान किए 11 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान राशि से बंडा निवासी शहीद राजेश यादव की धर्मपत्नी मुन्नी बाई को 11 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की थी। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर स्वेच्छानुदान प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए 11 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की।

उन्होंने बताया कि यह राशि स्व राजेश यादव की धर्मपत्नी मुन्नी बाई यादव को उनके बैंक खाते में जिला कुशल अधिकारी शशिकांत पौराणिक के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए हस्तांतरित की गई है। कलेक्टर आर्य ने बताया कि अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह को शहीद राजेश यादव के गृह ग्राम भेजा गया एवं उनके परिजनों को सहायता राशि 11 लख रुपए की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह राशि शहीद राजेश यादव की पत्नी मुन्नीबाई के खाते में जिला कोषालय के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। कलेक्टर आर्य ने बताया कि स्वर्गीय राजेश यादव लेह लद्दाख में पदस्थ थे जिनका निधन विगत दिवस अस्पताल में हुआ था। निधन के पश्चात सेना के जवानों द्वारा उनके गृह ग्राम बंडा लाया गया जहां पूरे सैनिक सम्मान के साथ उन्हें मुखाग्नि दी गई थी।

### जिला पंचायत अध्यक्ष राजपूत जिला पंचायत सागर और जनपद पंचायत केसली में करेंगे ध्वजारोहण



**सागर।** जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जनपद पंचायत केसली में ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण स्थल स्टेडियम (खेल परिसर शा.उ.उ.मा. वि.केसली) में प्रातः 9.00 बजे ध्वजा रोहण, प्रातः 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा संदेष वाचन, प्रातः 9.35 बजे ध्वजारोहण के उपरांत सलामी, प्रातः 9.50 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति एवं प्रातः 11.00 बजे आभार प्रदर्शन किया जाएगा। शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाएंगे।



### पत्रकारों पर अत्याचार के विरोध में देवरी श्रमजीवी पत्रकार संघ ने ज्ञापन सौंपा

**देवरीकलां।** सागर जिले में मीडिया कर्मियों के साथ अपमान जनक व्यवहार एवं हमलों की घटनाये लगातार बढ़ती जा रही है। विगत दिनो सागर के वरिष्ठ पत्रकार पंकज सोनी के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में श्रमजीवी पत्रकार संघ की स्थानीय ईकाई ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर मामले के आरोपित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि विगत वर्षो में सागर जिले में मीडिया कर्मियों पर अत्याचार के कई मामले सामने आये है। जिले में पत्रकारों द्वारा निष्पक्षता से खबरों के प्रकाशन करने से आहत व्यक्तियों द्वारा उन पर हमले की घटनाये एवं झूठे मामले बनवाए जा रहे हैं। ऐसी घटनाये लोकतंत्र के चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया तंत्र पर कुठारा घात है। ज्ञापन में कहा गया कि विगत सोमवार को सागर जिले के वरिष्ठ पत्रकार पंकज सोनी के साथ अपमानकारक व्यवहार गाली गलौच एवं मारपीट की घटना कारित की गई जिससे पूरे जिले में पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है। घटना की निंदा करते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने अध्यक्ष मुबीन खान की अगुवाई में एकत्र होकर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम से पुलिस अनुविभागीय अधिकारी देवरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पीड़ित वरिष्ठ पत्रकार के साथ हुई घटना के दोषी को पद से हटाया जाए एवं उनके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार लाल साहब लोधी, कमलेश खरे, संतोष विश्वकर्मा, राकेश यादव, अनुराग विश्वकर्मा, आशीष दुबे, सतीश सेन, कुलदीप नामदेव, अमित ठाकुर, नीरज जैन, प्रवीण पाठक, अंशुल दुबे, अरविंद प्रभाकर, नितिन ठाकुर, त्रिवेंद्र जाट एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



### स्वीप स्पेशल कैटेगिरी में नोडल अधिकारी पीसी शर्मा को राज्यपाल ने प्रशस्ति प्रदान किया

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाता जागरुकता कर्यक्रम स्वीप टीम द्वारा चलाये गये जिसके परिणाम स्वरूप सागर जिले में प्रथम बार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। महिला मतदताओं को ध्यान में रखकर भी जमीनी स्तर पर कार्यक्रम चलाये जिसके परिणाम स्वरूप प्रथम वार सागर जिले की महिलाओं द्वारा 73.24 प्रतिशत मतदान किया। जिला नोडल स्वीप अधिकारी पीसी शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिन्होंने जाग उठा है एमपी सारा तथा अपकी दिवाली मतदान वाली जैसे प्रेरणात्मक गीतों की रचना कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में योगदान दिया। मप्र निर्वाचन आयोग द्वारा सागर जिले में किये गये मतदान संबंधी कार्यो के लिए उनको स्पेशल कैटेगिरी में भोपाल में आयोजित एक गरिमामयी राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। स्वीप टीम की इस सफलता पर संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी तथा जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन स्वीप मीडिया कॉर्डिनेटर मनोज नेमा, स्वीप युवा कॉर्डिनेटर प्रदीप अविद्रा ने उन्हें बधाई दी है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**सागर।** महिला एवं बाल विकास सागर शहरी 02 के अतर्गत शास्त्री वार्ड संतकबरराम वार्ड, भगवानगंज वार्ड, विठ्ठलनगर वार्ड, रविशकर वार्ड मोहननगर वार्ड, अम्बेडकर वार्ड आदि समस्त वाडों के शासकीय एवं अशासकीय विधालयों में "राष्ट्रीय बालिका दिवस बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी परियोजना अधिकारी साधना खटीक के द्वारा बालिकाओं के लिए शासन की समस्त विभागीय योजनाओं, लाभों की जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्होंने पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, साफ-सफाई, माहवारी स्वच्छता, किशोरावस्था, बाल विवाह, शिक्षा, लिंग अनुपात, बालिका भेदभाव के बारे में बालिकाओं से परिचर्चा की। कार्यक्रम अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता, चित्रकला, रंगोली, नारे लेखन, पोस्टर निर्माण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया

# लोकतंत्र की सफलताओं का श्रेय मतदाताओं को क्योंकि वे लोकतंत्र की आत्मा हैंः दीपक आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन रविन्द्र भवन परिसर में उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त एवं डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने सभागार में उपस्थित मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान करने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कलेक्टर आर्य ने कहा कि लोकतंत्र की सारी सफलता का श्रेय मतदाताओं को है। क्योंकि वे ही लोकतंत्र की आत्मा हैं। स्वतंत्रता के पश्चात आज तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सकारात्मक सुधार हो रहे हैं। जिससे हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे विश्वसनीय एवं मजबूत लोकतंत्र हो गया है। लोकतंत्र की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए अपनाये जा रहे सुधारों को सम्पूर्ण विश्व में सम्मान मिल रहा है। जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के परिचय सत्र में कहा की भारतीय लोकतंत्र की यह अद्भुत विशेषता है कि वह 25 जनवरी 1950 को पहले लोकतंत्र बना फिल 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र। अर्थात हमारा देश पहले लोकतंत्र है फिल गणतंत्र। भारत विश्व का अग्रणी देश है जिसने प्रथम निर्वाचन से ही सभी मतदाताओं को एक समान रूप से मतदान का अधिकारी दिया है। विश्व में महिलाओं को विशेषकर रूप में युरोप में अपने मतदान के लिए अनेकानेक आंदोलन करने पड़े हैं। साऊदी अरेबिया ने 2015 में महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया।

कार्यक्रम में नवीन मतदाताओं को आयुक्त डॉ वीरेंद्र सिंह रावत, कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला ने मंच से मतदाता परिचय पत्र प्रदान किये। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित- "वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेगे हम" विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये साथ ही सागर जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5-5 बीएलओ, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। जिनमें एमसीएमसी की ओर से सौम्या समैया, मनोज नेमा ने, प्रशिक्षण टीम की ओर से डॉ. वाईपी सिंह ने, ईव्हीएम प्रबंधन टीम की ओर से मुकेश पटेल, तकनीकी कार्य कार्य के लिए श्रीराम दुबे व चक्रेश कुशवाहा तथा विशिष्ट योगदान के लिए चुनाव पर्वेक्षक प्रमोद रजक ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सीएम राइज विद्यालय सागर की छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश गानतथा समापन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान से किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विजय डहेरिया, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविंद जैन तथा आभार उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने माना।



वीर सावरकर स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह, तैयारियां पूरी

# गणतंत्र दिवस आज, मुख्य समारोह में कृषि मंत्री कंषाना करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी शुक्रवार को शहर सहित जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से शहर के शिवपुरी रोड स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा। जहां मुख्य समारोह में प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदल सिंह कंषाना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। मुख्य समारोह की फायनल रिहर्सल सहित अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कलेक्टर संजय कुमार ने बताया कि मुख्य समारोह में प्रातः 09 बजे मुख्य अतिथि किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदल सिंह कंषाना ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सलामी एवं राष्ट्रधुन होगी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन होगा। तत्पश्चात गणतंत्र दिवस परेड एवं मार्च पास्ट का आयोजन होगा। समारोह में विभिन्न विभागों की चलित झांकियों का प्रदर्शन भी होगा। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कारों का वितरण होगा।




### भारत पर्व में होगा कबीर गायन

गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में किया जायेगा। 26 जनवरी को सांय 07 बजे से आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग की ओर से भेजे गये दल द्वारा कबीर गायन की प्रस्तुती दी जायेगी। प्रेम सिंह, मोहन सिंह, दिपालीपुरिया तथा उनकी 8 सदस्यीय टीम द्वारा यह प्रस्तुती दी जायेगी। इसके साथ ही आयुषी चौहान द्वारा देशभक्ति गीतो की प्रस्तुती दी जायेगी। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

### तीन नए कानूनों पर आधारित लगेगी प्रदर्शनी

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में संसद द्वारा हाल ही में पारित किये गये तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रति लोगों में जागरूकता के उद्देश्य से जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इन कानूनो का मुख्य उद्देश्य नागरिको के मानव अधिकारो एवं महिलाओ, बच्चो की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पीडित-केन्द्रीत न्याय तंत्र स्थापित करना, जटिल प्रक्रियाओ के सरलीकरण से आपराधिक न्याय प्रणाली को और सुगम तथा सरल बनाना है। इन तीन नये कानूनो का लोगों के बीच अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से जिला जनसंपर्क कार्यालय श्योपुर के सहयोग से जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन मुख्य समारोह स्थल पर किया जायेगा।

### कौन कहां करेगा ध्वजारोहण

| स्थान | मुख्य अतिथि |
|---|---|
| कलेक्ट्रेट कार्यालय | कलेक्टर संजय कुमार |
| जिला न्यायालय | जिला न्यायाधीश राकेश कुमार गुप्त |
| पुलिस लाइन | एसपी विकास पाठक |
| गांधीपार्क श्योपुर | विधायक बाबू जंडेल |
| जिला पंचायत | जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई |
| नगर पालिका श्योपुर | नपाध्यक्ष रेनु सुजीत गर्ग |
| नगरपरिषद बड़ौदा | नप अध्यक्ष भरोसी बाई |
| नगरपरिषद विजयपुर | नप अध्यक्ष कमलेश कुशवाह |
| जनपद श्योपुर | अध्यक्ष रीना मीणा |
| जनपद कराहल | अध्यक्ष बत्तो बाई |
| जनपद विजयपुर | अध्यक्ष बदन सिंह रावत |

पत्नी को साथ लेने जाने की बात पर हुआ विवाद, एफआईआर दर्ज

# पत्नी को लेने ससुराल आए दामाद की ससुर और सालों ने लगाई धुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पत्नी को लेने के लिए ससुराल आए दामाद की उसके ससुर और सालों ने मिलकर धुनाई लगा दी। यह मामला देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कूंड हवेली का है। विवाद पत्नी को साथ ले जाने की बात पर हुआ। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने दामाद की शिकायत पर ससुर और दो सालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

देहात थाना पुलिस ने बताया कि राजस्थान के कोटा जिले के ग्राम अयाना निवासी दिलखुश पुत्र चंद्रभान नायक की यहां देहात थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कूंडहवेली में ससुराल है। दिलखुश बुधवार को अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल आया था। पत्नी को साथ ले जाने की बात पर उसकी ससुराल पक्ष के लोगो से कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि दामाद दिलखुश की उसके ससुर घनश्याम नायक और दो सालों लक्ष्मीनारायण व राधेश्याम नायक ने मिलकर डंडो से जमकर धुनाई लगा दी। आसपस के लोगो ने किसी तरह की उनके बीच जाकर बीच बचाव किया। लेकिन मारपीट के दौरान दिलखुश जख्मी हो गया। उसने सीधे देहात थाने आकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर ससुर घनश्याम, साला लक्ष्मी नारायण व राधेश्याम के खिलाफ मारपीट की धाराओ में केस दर्ज कर लिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, मर्ग दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के सलापुरा क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। हालांकि मौत के स्पष्ट कारण तो अभी पता नहीं चल पाए है, लेकिन मौत हार्टअटैक से होना लग रही है। क्योंकि उसने सीने में दर्द होने की बात मोबाइल से अपने परिवार के लोगों को बताई थी। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने पीएम कराकर शव परिवार के लोगो के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम इच्छनाखेडली निवासी जीतू उर्फ हरजीत सिंह जाट सिख 35 वर्ष किसी काम से गुरूवार को श्योपुर आया था। यहां वह सलापुरा क्षेत्र में सब्जी मंडी के पीछे लगे टीनशेड में अचैत होकर गिर गया। बताया जा रहा है कि यहां उसने कुछ लोगो से सीने में दर्द होने की बात कही थी। वहीं अपने परिवार के लोगो को भी फोन करके सीने में दर्द होने के बारे में बताया था। इसके बाद आसपास के लोग उसे अचैत स्थिति में जिला अस्पताल पहुंचवाया। जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंच गई,वहीं उसके परिवार के लोग भी आ गए। पुलिस ने पीएम कराकर शव परिवार के लोगो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान को सुव्यवस्थित बनाने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित

# सम्मान से गदगद महिलाएं बोलीं 85 नहीं 100 मतदान केंद्र बनाएं हमारी जिम्मेदारी वाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सर! अभी तो आपने हमें 85 मतदान केन्द्रों की जिम्मेदारी सौंपी थी अब हमें कम से कम 100 मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी सौंपी जाए ताकि हम अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन देश की सरकार चुनने के लिए होने वाले इस चुनाव में कर सके। यह बात गुरूवार को कन्या उमावि श्योपुर के प्रांगण में राष्टीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में कलेक्टर से सम्मान पाने वाली उन महिला कर्मचारियों ने कहीं,जिन्हें विधानसभा चुनाव में सिर्फ महिला कर्मचारियों वाले मतदान केन्द्र पर ड्यूटी की जिम्मेदारी दी गई थी।

कलेक्टर संजय कुमार ने कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे बडा लोकतंत्रिक देश है। मतदान के अधिकार के लिए हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना बलिदान दिया है। हमारे देश के लोकतांत्रिक गौरवशाली अतीत को दृष्टिगत रखते हुए हम सभी को अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में 50 मतदान केन्द्रो पर शत-प्रतिशत मतदान किये जाने के लक्ष्य को लेकर प्रारम्भ किये गये सम्पूर्ण अभियान एवं जिले के कुल मतदान केन्द्र के 12 प्रतिशत 85 मतदान केन्द्र पर सम्पूर्ण महिला प्रबंधित केन्द्र की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि सम्पूर्णा अभियान में चयनित 50 मतदान केन्द्रों में से कुल 32 मतदान केन्द्रो में 95 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ तथा 11 मतदान केन्द्रो पर 100 प्रतिशत मतदान सम्भव हो सका, जो सम्पूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के संबंध मे एक मॉडल है। जिले का औसत मतदान 78 प्रतिशत से 4 प्रतिशत बढ़कर 82 प्रतिशत हो गया। संपूर्ण महिला प्रबंधित 85 मतदान केन्द्रो में निर्वाचन सम्पन्न कराना एक चुनौती के रूप में लिया गया था। हमें गर्व है कि जिले की महिला टीम ने उक्त केन्द्रों पर निर्विघ्न चुनाव कराया। इनमें से एक भी मतदान केन्द्र पर न तो प्रक्रिया संबंधी न ही वोटिंग मशीन संबंधी किसी भी प्रकार बाधा उत्पन्न हुई। मतदाता दिवस के अवसर पर हमने जिले के उन सभी साथियो का सम्मान किया, जिन्होने 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के लिए हर सम्भव प्रयास उत्साहपूर्वक किया एवं सम्पूर्ण महिला प्रबंधित मतदान केन्द्रो मे साहसिक योगदान किया। जिले की पूरी टीम की ओर से आगामी लोक सभा निर्वाचन के लिये 2 लक्ष्य निर्धारित किये है। प्रथम यह कि जिले के 100 मतदान केन्द्रो मे 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर काम करेगें। दूसरा यह कि 100 मतदान केन्द्रो को सम्पूर्ण महिला प्रबंधित बनायेगें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास पाठक, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अनुज कुमार रोहतगी, एसडीएम मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, वायएस तोमर, तहसीलदार प्रेमलता पाल, सहायक स्वीप नोडल प्रोफेसर डॉ ओपी शर्मा, सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, बीएलओ, मतदान दलो में शामिल अधिकारी, नव मतदाता आदि उपस्थित थे।




### स्वीप प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ती पत्र वितरण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार द्वारा इस अवसर पर मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित कॉलेज स्तर की निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पीजी कॉलेज श्योपुर की छात्रा निकिता जागिड, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर छात्रा प्रियंका बिसारिया, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर छात्रा दीपाशा सिंघल को प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम स्थान के लिए रघुवीर बंजारा, द्वितीय स्थान के लिए जतिन शिवहरे, तृतीय स्थान के लिए दीपाशा सिंघल एवं विपक्ष में प्रथम स्थान के लिए रामनरेश सुमन, द्वितीय स्थान के लिए प्रतिभा को प्रशस्ती पत्र दिये गये।

### जिले में चार स्थानों पर आयोजित हुए नव मतदाता सम्मेलन


**श्योपुर।** नए मतदाताओं में ऊर्जा का संचार करने और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से गुरूवार को देश भर में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किए गए। इस सम्मेलन के तहत शहर में चार स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया।भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि जिले की दोनो विधानसभाओं में चार स्थानों पर श्योपुर पीजी कॉलेज इंडोरियम हॉल, बड़ौदा नगर परिषद बड़ौदा परिसर में एवं कराहल में उत्कृष्ट विद्यालय के पास कराहल एवं विजयपुर में बालाजी मैरिज गार्डन में कार्यक्रम सम्पन्न किया जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या द्वारा वर्चुअल रूप मे नव मतदाताओं को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों सहित भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट एवं पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, नगर पालिका अध्यक्ष रेनू गर्ग आदि ने संबोधन दिए। स्वागत भाषण मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज सोनी एवं महामंत्री सौरभ भार्गव ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में संजय मंगल, रोहित शर्मा, महावीर जाट एवं रोहित बंसल आदि मौजूद रहे।

### ये डगर है बड़ी मुश्किल... सिर पर बोझा उठाए मीलों लंबा सफ़र तय करतें हैं नन्हें कदम...तब जलता है चल्हा...!



**श्योपुर।** आज सारा देश गणतंत्र दिवस का उल्लास मान रहा है। पर प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या वाकई देश के गण को देश के तंत्र की परिभाषा पता है, या फिर चंद लोगों के लिए ही गणतंत्र दिवस समारोह मनाने का माध्यम है। रोजाना करीब 12 किमी दूर से यह 10 से 14 वर्ष के बीच की बच्चियां जब जंगल से लकडिया चुनकर सिर पर बोझा ढोकर लाती है तब इनका चूल्हा जलता है और पेट की आग शांत होती है। लकड़ियों को बेचकर आजीविका चलाने वाले इन परिवारों को शायद गणतंत्र दिवस या आजादी जैसे प्रश्नों की शायद जानकारी तक नहीं हो।

### कल श्योपुर आएंगे विधानसभा अध्यक्ष तोमर जयस्तंभ पर होगा नागरिक अभिनंदन



**श्योपुर।** तत्कालीन स्थानीय सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद पहली बार 27 जनवरी को श्योपुर पहुंच रहे हैं। श्योपुर पहुंचने पर जहां उनके समर्थक उनका अपने स्तर पर स्वागत सत्कार करेंगे वही शहरवासियों की ओर से उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।दो बार क्षेत्र के सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जिले को जो सौगातें दी है जिनके कारण जिला राष्ट्रीय मानचित्र पर पहचान बनाने में सफल रहा है इन सब होगा तो से का धन्यवाद करने के लिए नागरिकों द्वारा 27 जनवरी को नगर पालिका के सामने गांधी पार्क के पास मंच लगाकर उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम को आयोजित करने वाली विकासशील नागरिक अभिनंदन समारोह समिति ने इस कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील सभी शहरवासियों से की है।

एनआरसी में आराम फरमा रहा स्टाफ, जिम्मेदारों की

# खाली पड़े एनआरसी सेंटर, नहीं भेजे जा रहे कुपोषित बच्चे, कैसे मिटेगा कुपोषण?

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकार ने कुपोषण को मिटाने के मकसद से जिले में तीन न्यूट्रिशन एंड रिहेबिलेशन सेंटर (एनआरसी) स्थापित कराए गए हैं। लेकिन वर्तमान में तीनों ही एनआरसी खाली पड़े हैं। श्योपुर जिला मुख्यालय के एनआरसी में सिर्फ दो बच्चे ही हैं और पूरे पलंग खाली पड़े हैं। जबकि यहां 20 बच्चे रखे जाने की क्षमता है। कराहल और विजयपुर की एनआरसी के भी हाल अच्छे नहीं है। यहां भी बीस बेडो में से केवल एक या दो ही बेड ही भरे बताए गए है।

हालांकि इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि बीमार कुपोषित बच्चों को ही एनआरसी में रखे जाने का नियम है और जो गंभीर कुपोषित या कुपोषित हैं उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र पर ही दवा व पोषण आहार दिया जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बीमार कुपोषित बच्चों को ट्रैक कर एनआरसी ही नहीं भेजा जा रहा है, इसीलिए एनआरसी सेंटर खाली पड़े नजर आ रहे है। जिसके चलते एनआरसी सेंटर में तैनात स्टाफ भी आराम फरमाने की स्थिति में रहता है। यहां बता दें कि श्योपुर जिला अस्पताल सहित विजयपुर और कराहल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एनआरसी सेंटर संचालित है और तीनो एनआरसी सेंटर 20-20 बेड की सुविधा उपलब्ध है। वहीं कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए यहां सुविधाएं भी पर्याप्त है। इसके बाद भी एनआरसी सेंटरों में सन्नाटा छाया हुआ है।




### 141 बच्चे मेम और 580 सेम

विभागीय अधिकारियों की माने तो सरकार ने कुपोषण बच्चों की श्रेणियों में कुछ बदलाव किया है। जो बच्चे अति गंभीर कुपोषित है,उन्हें अब सेम नाम दिया गया है। वहीं जो बच्चे कुपोषित है,उन्हें मेम दिया गया है। सेम बच्चों को एनआरसी सेंटर में भर्ती कराकर उनका इलाज कराने का नियम है। जबकि मेम बच्चों को आंगनबाडी केन्द्र पर ही दवा और पोषण आहार दिए जाने का नियम है। बताया गया है कि श्योपुर जिले में 141 बच्चे ऐसे कुपोषित है,जिन्हें सेम श्रेणी में रखा गया है। इन्हे एनआरसी में भर्ती उनका कुपोषण दूर करना है। मगर जिले के एनआरसी सेंटर सूने पडे हुए है। जबकि 580 बच्चे मेम श्रेणी में रखे गए है। जिनका कुपोषण संबंधित आंगनबाडी केन्द्र पर ही दूर किया जाना है।

### जानकारी लेंगे

एनआरसी सेंटर पर बच्चे क्यों नहीं पहुंच रहे हैं। इसकी जानकारी संबंधितों से पता की जाएगी और उन्हें इस संबंध में निर्देशित किया जाएगा।

डॉ एके रोहतगी
एडीएम,श्योपुर

JAYPEE GROUP

75वें गणतंत्र दिवस दिनांक 26जनवरी,2024 के उपलक्ष में

जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट,बीना(म.प्र.) (जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड का संभाग) की ओर से देश के समस्त शूरवीर शहीदों को सत्-सत् नमन एवं समस्त देशवासियों व स्थानीय नागरिकों को हार्दिक शुभ कामनाएँ।

हमारी ओर से स्थानीय नागरिकों को प्रदाय सुविधाऐं:- प्लांट परिक्षेत्र में करीब 1000विद्यार्थियों की क्षमता का CBSE से मान्यता प्राप्त कक्षा12वीं(10+2) तक का स्कूल, 80प्रशिक्षणार्थियों की क्षमता की NCVT से मान्यता प्राप्त इलेक्ट्रीशियन व फिट्टर ट्रेड की आई.टी.आई., 2डॉक्टर व स्टॉफ/2एम्बुलेंस/पैथोलोजी व टेक्निशियन सहित 9बिस्तर का अस्पताल एवं SBI बैंक व SBI ATM संचालित हैं।


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील : गर्भवती महिला का संपूर्ण टीकाकरण कराकर संस्थागत प्रसव कराएं और पीएमएमवीवाय का लाभ लें 6 माह से तीन साल तक के बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण और अन्य योजनाओं के साथ तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को भोजन नाश्ता के साथ-साथ शालापूर्ण आंगनवाड़ी केंद्र पर दिलवाएं।
संजय कुमार
कलेक्टर श्योपुर
सौजन्य : महिला बाल विकास विभाग श्योपुर


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
इमरान खान (शानू)
पार्षद प्रतिनिधि
वार्ड नं 1


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील : सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी व रोजगारोन्मुखी योजना के तहत संचालित पीएम स्वनिधि योजना, स्वनिधि समृद्धि योजना, स्वरोजगार कार्यक्रम योजना, सामुदायिक एकजुटता एवं संस्थागत विकास, कौशल प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट, शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना, 5 रूपए में भरपेट भोजन वाली दीनदयाल रसोई योजना का लाभ उठाएं।
रेनु सुजीत गर्ग
नपाध्यक्ष
सतीश मटसेनिया
सीएमओ श्योपुर
सौजन्य : डीएवाई-एनयूएलएम
नगर पालिका परिषद श्योपुर


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
काजी
असद उल्लाह कुरैशी
जिलाध्यक्ष
मध्य प्रदेश वक्फ कमेटी श्योपुर


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील : अपने बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए नियमित रूप से आंगनबाड़ी पर ले जाए और पौष्टिक नाश्ता एवं खाना व दूसरी योजनाओं का लाभ दिलाएं।
श्रीमती विमला पांचाल
जिलाध्यक्ष, प्रान्तीय महिला स्व सहायता महासंघ जिला श्योपुर
ओमप्रकाश पांचाल
जिलाध्यक्ष, विश्वकर्मा पांचाल शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति श्योपुर
मो.: 9893938440, 7999204892


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
एम एल गर्ग
बीईओ, श्योपुर
शा. कन्या उमावि संकुल प्रिंसिपल श्योपुर


डॉ सनवर पटेल
चैयरमेन
मप्र वक्फ बोर्ड
कैबिनेट मंत्री दर्जा
रफत वारसी
चैयरमेन
मप्र हज कमेटी
कैबिनेट मंत्री दर्जा
सभी जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
शब्बीर नागौरी
अंजुमन सदर श्योपुर
इंसाफ कुरैशी
सदर वक्फ इंतमामिया कमेटी
जमातखाना श्योपुर
मिर्जा आरिफ बेग
सदर वक्फ इंतमामिया कमेटी
मजार मिटटेशाह
अपील : 27 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष मा नरेन्द्र सिंह तोमर एवं हज कमेटी के चेयरमेन रफत वारसी के आतिथ्य में होने वाले अंजुमन के शॉपिंग मॉल एवं मुसाफिर खाना के लोकार्पण समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शिरकत करें।


सत्यमेव जयते
मप्रपु
देश भक्ति जन सेवा
श्री विकास पाठक
एसपी श्योपुर
श्री सतेन्द्र सिंह तोमर
एएसपी श्योपुर
सुश्री शीला सुराणा
डीएसपी हेडक्वार्टर
श्री राजीव गुप्ता
एसडीओपी श्योपुर
श्री प्रवीण अष्ठाना
एसडीओपी बडौदा
श्री अतुल सिंह
एसडीओपी विजयपुर
सभी जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं
योगेन्द्र सिंह जादौन
टीआई कोतवाली श्योपुर
सुधीर हिन्नारिया
थाना प्रभारी देहात
संजीव तिवारी
थाना प्रभारी कराहल
सत्यम सिंह गुर्जर
थाना प्रभारी बडौदा
गोपाल सिंह सिकरवार
थाना प्रभारी मानपुर
सतीश कुमार दुबे
थाना प्रभारी विजयपुर
शिवराम कंषाना
थाना प्रभारी गसवानी
महेन्द्र धाकड़
थाना प्रभारी वीरपुर
राहुल रघुवंशी
थाना प्रभारी आवदा
रवि सिंह कुशवाह
थाना प्रभारी रघुनाथपुर
जय कुमार रघुवंशी
थाना प्रभारी ओछापुरा
दिनेश राजपूत
थाना प्रभारी बरगवां
जेपीएस जादौन
थाना प्रभारी अगरा
अर्चना धाकड़
थाना प्रभारी सेसईपुरा
ध्रुव सिंह भदौरिया
थाना प्रभारी चिलवानी
अनिल बाथम
प्रभारी यातायात थाना श्योपुर
श्यामवीर सिंह तोमर
प्रभारी पुलिस चौकी सामरसा
शशि तोमर
प्रभारी पुलिस चौकी पांडोला

